एक चमत्कार दिखला दो

एक चमत्कार दिखला दो ओ बाला जी,
मेरी बिगड़ी बात बना दो ओ बाला जी,

भूल हुई मुझसे जो मैंने आप का नाम भुलाया,
आप का नाम भुला के मैंने कष्ट बड़ा है पाया,
मेरे अवगुण दोश भुला दो मेरे बाला जी,
मेरी बिगड़ी बात बना दो बाला जी,
एक चमत्कार दिखला दो ....

तुलसी दास को राम लखन के दर्श कराने वाले,
भक्त जनों का कदम कदम पर साथ निभाने वाले,
मेरे सोये भाग जगा दो ओ बाला जी,
मेरी बिगड़ी बात बना दो बाला जी,
एक चमत्कार दिखला दो ....

रंक से राजा राजा से रणजीत बनाने वाले,
प्रेम कमल से श्री राम के गीत लिखाने वाले,
मुझे राम के दर्श करवादो ओ बाला जी,
मेरी बिगड़ी बात बना दो बाला जी,
एक चमत्कार दिखला दो ....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/10039/title/ik-chamtkaar-dikhla-do-o-bala-ji

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |